काशी हिन्दू विश्वविद्यालय BANARAS HINDU UNIVERSITY

AN INSTITUTION OF NATIONAL IMPORTANCE ESTABLISHED BY AN ACT OF PARLIAMENT

**Tel.** : 0542-6703236, 2368781 **Fax**: 0542-2368781
**Website**: www.bhu.ac.in/rac

**(विज्ञापन सं. – 08/2016-2017)**

**गैर-शिक्षण पद**

**Online Application Only**

| |
|---|
| **महत्वपूर्ण तिथियां :** |
| **आवेदन पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि** : 17.11.2016 |
| **ऑनलाइन आवेदन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि** : 19.11.2016 |
| **आवेदन पत्र का पीडीएफ डाउनलोड करने की अंतिम तिथि** : 21.11.2016 |
| **डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र अनुलग्नकों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि** : 24.11.2016 |

**समूह 'ए' के गैर-शिक्षण पदों के लिए सामान्य तथा अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को ₹ 1000/- तथा समूह 'बी' एवं 'सी' (पूर्ववर्ती समूह 'डी'सहित) के गैर-शिक्षण पदों हेतु सामान्य तथा अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों को ₹ 500/- ऑनलाइन अप्रतिदेय शुल्क का भुगतान करना है। अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति तथा विकलांग श्रेणी के अभ्यर्थियों को कोई आवेदन शुल्क नहीं देना है। ऑनलाइन शुल्क का भुगतान पेमेंट गेटवे के जरिए इंटरनेट बैंकिंग/ डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड के माध्यम से किया जाना है।**

**काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के चयन एवं आंकलन प्रकोष्ठ के पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन आवेदन प्रपत्र के माध्यम से विश्वविद्यालय में समूह 'ए', 'बी' एवं 'सी' (पूर्ववर्ती समूह 'डी' सहित) के अंतर्गत गैर शिक्षण पदों- कुलसचिव (कार्यावधि के आधार पर), परीक्षा नियंता (कार्यावधि के आधार पर) तथा वित्त अधिकारी (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) हेतु नीचे दर्शाए गए वेतनमान के अनुसार भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।**

| पद का नाम | पद कूट | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन | पद का नाम | पद कूट | वेतन बैंड एवं ग्रेड वेतन |
|---|---|---|---|---|---|
| **समूह-ए** | 10091, 10092, 10093, | पे.बैं.-4: 37400-67000 + ग्रे.पे. ₹ 10000/- | **समूह-बी** | 3112 | पे.बैं.- 2: 9300-34800 + ग्रे.पे. ₹ 4600/- |
| | 2713, 20136 | पे.बैं.-3: 15600-39100 + ग्रे.पे. ₹ 7600/- | **समूह-सी** | 4436 | पे.बैं.- 1: 5200-20200 + ग्रे.पे. ₹ 2400/- |
| | 30147 | पे.बैं.-3: 15600-39100 + ग्रे.पे. ₹ 5400/- | | 4310, | पे.बैं.- 1: 5200-20200 + ग्रे.पे. ₹ 1800/- |

## गैर शिक्षण समूह- ए पद

| विभाग | पदकूट | पद का नाम | पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अ जा | अज जा | अपि जा |
| काशी हिन्दू विश्वविद्यालय | 10091 | वित्त अधिकारी (प्रतिनियुक्ति के आधार पर) | 1 | | | |
| प्रशासनिक सेक्टर | 10092 | कुलसचिव (5 वर्षों की कार्यावधि हेतु) | 1 | | | |
| | 10093 | परीक्षा नियंता (5 वर्षों की कार्यावधि हेतु) (रिक्ति 01.02.2017 से प्रभावी होगी) | 1 | | | |
| संगणक केन्द्र | 2713 | सिस्टम प्रबंधक | | | | 1 |
| सर सुंदरलाल चिकित्सालय | 20136 | उप-चिकित्सा अधीक्षक (एमएम) | 1 | | | |
| राजीव गांधी दक्षिणी परिसर, बरकछा, मिर्जापुर | 30147 | चिकित्सा अधिकारी (एमएम) | | | 1 | 1 |
| **गैर शिक्षण समूह- बी पद** | | | | | | |
| विश्वविद्यालय निर्माण विभाग | 3112 | सहायक अभियंता (सिविल) | 1 | | | |
| **गैर शिक्षण समूह- सी (पूर्ववर्ती समूह-'डी' सहित) पद** | | | | | | |
| पुस्तकालय क्षेत्र | 4310 | पुस्तकालय परिचारक | 8 | 2 | | |

| विभाग | पदकूट | पद का नाम | पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | सामान्य | अजा | अजजा | अपिजा |
| सेंट्रल हिन्दू गर्ल्स स्कूल | 4436 | संगतकार (तबला) | 1 | | | |

**नोट** - **ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने हाल के हमारे विज्ञापन सं.- 03/2013-2014 तथा 01/2015-2016 (पद कूट : 2713, 3112, 4310) हेतु आवेदन किया है, उन्हें नए सिरे से पुन: ऑनलाइन आवेदन/बायो-डाटा अपडेट करना होगा तथा उन्हें आवेदन शुल्क भुगतान करने की आवश्यकता नहीं है। उनकी पात्रता एवं अन्य नियम व शर्तें उक्त विज्ञापन हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि के अनुसार विचारणीय होगा।**

**गैर शिक्षण समूह-ए, बी एवं सी (पूर्ववर्ती समूह-डी सहित) पद**

**पद कूट : 10091: वित्त अधिकारी (प्रतिनियुक्ति के आधार पर), काहिविवि**

भारत सरकार के किसी संगठित सेवा से प्रतिनियुक्ति के आधार पर एक पद। वित्त अधिकारी वेतनमान ₹ 37400 – 67000+ ग्रे.पे. ₹ 10000 में पूर्ण कालिक वैतनिक अधिकारी होगा। आवेदक मूल संस्थान में समान वेतनमान में समान पद धारण करता हो। उन आवेदकों को वरीयता दी जाएगी जिन्हें सेवानिवृत्त होने में कम से कम पांच वर्ष बाकी है।

विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी का दायित्व वार्षिक लेखा तथा बजट तैयार करना, कैग कार्यालय द्वारा लेखा परीक्षण की व्यवस्था कराना, विश्वविद्यालय की सम्पत्तियों एवं निधियों का प्रबंधन करना तथा विश्वविद्यालय को इसकी वित्तीय नीतियों के संबंध में परामर्श देना। विश्वविद्यालय का विशाल आकार सर्वविदित है तथा विश्वविद्यालय में वित्त अधिकारी के रूप में नियुक्त व्यक्ति से अपेक्षित है कि वह रु. 300 करोड़ से अधिक की वार्षिक राशि और अनुदान का प्रबंधन करने में दक्ष हो।

केवल उन्हीं कार्मिकों/अभ्यर्थियों के आवेदनों पर विचार किया जाएगा जिन्होंने उचित माध्यम द्वारा आवेदन पत्र तथा अग्रलिखित दस्तावेजों सहित (i) संलग्नकों सहित डाउनलोड किया गया आवेदन प्रपत्र (हार्ड कॉपी), (ii) विगत 5 वर्षों के एसीआर के प्रत्येक पृष्ठों की प्रमाणित छायाप्रतियां, (iii) सतर्कता अनापत्ति प्रमाण-पत्र, (iv) सत्यनिष्ठा प्रमाण-पत्र, (v) नियंत्रक अधिकारी द्वारा इस आशय का प्रमाण पत्र कि नियुक्ति हेतु चयन की स्थिति में उन्हें तत्काल कार्यमुक्त कर दिया जाएगा, प्रेषित किया हो।

**पद कूट : 10092 एवं 10093 हेतु : कुलसचिव तथा परीक्षा नियंता (कार्यावधि के आधार पर), काशी हिन्दू विश्वविद्यालय**

**Post Code: 10092 & 10093: Registrar and Controller of Examination (on tenure basis), BHU.**

**अनि. यो. :** (1) न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ स्नातकोत्तर उपाधि या इसके समकक्ष यूजीसी सेवन प्वाइंट स्केल में ग्रेड-बी (2) एजीपी 7000 में सहायक प्रोफेसर के रूप में कम से कम 15 वर्षों का अनुभव अथवा एजीपी 8000 में सहायक प्रोफेसर के रूप में 8 वर्षों की सेवा अथवा उपरोक्त शैक्षणिक प्रशासन में अशोसिएट प्रोफेसर के रूप में अनुभव अथवा अनुसंधान प्रतिष्ठान तथा/अथवा उच्च शिक्षा के अन्य संस्थानों में तुलनात्मक अनुभव **अथवा** 15 वर्षों का प्रशासनिक अनुभव जिसमें से 8 वर्षों का उपकुलसचिव अथवा उसके समकक्ष पद के रूप में अनुभव।

कुलसचिव/परीक्षा नियंता की नियुक्ति 5 वर्षों की अवधि (वे दूसरे कार्यकाल हेतु पुनर्नियुक्ति के लिए अर्ह होंगे) अथवा सेवानिवृत्ति की आयु तक जो भी पहले हो, हेतु की जाएगी ।

**वां.यो.** : पीएच.डी. उपाधि, प्रबंधन में उपाधि अथवा एल.एल.बी., कंप्यूटर का ज्ञान, ई-गवर्नेंस का अनुभव।

**पद कूट : 2713 (सिस्टम प्रबंधक) हेतु : अनि.यो. :** न्यूनतम 55 प्रतिशत अंकों के साथ एम.एससी. (संगणक विज्ञान)/बी.ई.(संगणक विज्ञान) तथा विस्तृत प्रोग्रामिंग तथा सिस्टम प्रबंधन में 9 वर्षों का अनुभव अथवा एमसीए/एम.टेक.(संगणक विज्ञान) विस्तृत प्रोग्रामिंग तथा सिस्टम प्रबंधन में 8 वर्षों का अनुभव अथवा 55 प्रतिशत अंकों के साथ गणित या फिजिकल साइंसेस में एम.एससी./गैर संगणक शाखा में बी.ई. तथा संगणक प्रोग्रामिंग तथा सिस्टम प्रबंधन में 10 वर्षों का अनुभव।

**पद कूट : 20136 (उप चिकित्सा अधीक्षक)(एमएम) हेतु : अनि.यो. :** न्यूनतम 500 बेड वाले शैक्षणिक चिकित्सालय में 10 वर्ष के प्रसासनिक अनुभव के साथ एमसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस, किसी चिकित्सकीय विषय में एमसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त एमडी/एमएस। **आयु सीमा :** विज्ञापन की तिथि को 55 वर्ष से कम। वां.यो. : चिकित्सालय प्रशासन में स्नातकोत्तर उपाधि/प्रशासन में डिप्लोमा।

**पद कूट** : **30147 चिकित्सा अधिकारी (एमएम) हेतु** :
**अनि.यो. :** एमसीआई द्वारा मान्यता प्राप्त एमबीबीएस, जनरल मेडिसिन/जनरल सर्जरी/प्रसूति एवं स्त्री रोग/अस्थि विज्ञान/पैथोलॉजी में एमएस/एमडी। **वां.यो.** : संबंधित क्षेत्र में अनुभव रखने वाले अभ्यर्थी को वरीयता प्रदान की जाएगी।

**पद कूट** : **3112 सहायक अभियंता (सिविल) हेतु :**
**अनि.यो. :** (1) सिविल/वास्तु कला/जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी में डिग्री या डिप्लोमा (2) संबंधित क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष (डिप्लोमाधारकों हेतु 8 वर्ष) का अनुभव।

**पद कूट** : **4310 पुस्तकालय परिचारक हेतु अनि.यो.** : **हाईस्कूल उत्तीर्ण, वां.यो.** : पुस्तकालय विज्ञान में डिप्लोमा के साथ 10+2

**पद कूट** : **4436 संगतकार (तबला) हेतु अनि.यो.** : (1) मान्यता प्राप्त संस्थान से एम.म्यूज. या समकक्ष योग्यता. (2) वायलिन/तबला/हारमोनियम इत्यादि वादन में दक्षता, (3) संगीत संगोष्ठी, रेडियो कार्यक्रमों इत्यादि में कण्ठ/वाद्य संगीत में संगतकार के रूप में अनुभव, **वां.यो.** : वायलिन/तबला/हारमोनियम इत्यादि का सैद्धांतिक ज्ञान।

| **महत्वपूर्ण तिथियां** |
|---|
| आवेदन पत्र ऑनलाइन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि : 17-11-2016 |
| ऑनलाइन आवेदन शुल्क भुगतान की अंतिम तिथि : 19-11-2016 |
| आवेदन पत्र का पीडीएफ डाउनलोड करने की अंतिम तिथि : 21-11-2016 |
| डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र अनुलग्नकों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि : 24-11-2016 |

# <u>अभ्यर्थियों के लिए सामान्य अनुदेश</u>

1. ऑनलाइन आवेदन करना आवश्यक है।
2. समूह 'क' तथा 'ख' एवं 'ग' पदों (पूर्ववर्ती समूह-घ सहित) के लिए ऑनलाइन भर्ती फार्म अलग-अलग हैं।
3. आवेदकों को पहले बीएचयू की वेबसाइट पर रिक्रूटमेंट एण्ड असेसमेंट सेल पोर्टल पर रजिस्टर करना होगा। तत्पश्चात् वे निर्धारित इलेक्ट्रॉनिक आवेदन फार्म ऑनलाइन भर सकेंगे।
4. अलग-अलग पदों हेतु अलग-अलग आवेदन जमा किए जाएंगे।
5. **गैर शिक्षण पदों के अंतर्गत समूह 'ए', 'बी' एवं 'सी' पदों (पूर्ववर्ती समूह-डी सहित) के लिए अप्रतिदेय शुल्क का भुगतान करना है।**
6. कृपया फार्म भरने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि अपलोड करने के लिए पासपोर्ट आकार के फोटोग्राफ तथा हस्ताक्षर की डीजिटल कॉपी जेपीइजी प्रारुप में हो तथा इनकी फाइल साइज 50 केबी से अधिक न हो।
7. आवेदन को पूर्ण रुप से भरने के लिए सभी अपेक्षित सूचनाओं को भरना आवश्यक है।
8. **आवेदक ऑनलाइन ऑवेदन भरने के अगले कार्य दिवस पर आवेदन शुल्क का ऑनलाइन भुगतान कर सकते हैं।**
9. **आवेदक ऑनलाइन आवेदन शुल्क जमा करने के अगले कार्य दिवस पर अपने आवेदन पत्र का पीडीएफ डाउनलोड कर सकते हैं।**
10. अधूरे आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा और इन्हें अस्वीकृत कर दिया जाएगा।
11. ऑनलाइन आवेदन भरते समय यदि आपका ब्राउजर बीच में बंद हो जाता है या आप लॉग आउट हो जाते हैं तो इसे पुनः लाग इन करने के लिए कृपया आपके इमेल पर भेजी गई लाग इन सूचना का उपयोग करें।
12. किसी तरह की तकनीकी समस्या होने पर कृपया recruitment@bhu.ac.in पर इमेल भेजें।
13. आपके आवेदन में कई टैब हैं। प्रत्येक टैब पूरा करने के बाद सूचनाएं सहेजने तथा अगले टैब पर जाने के लिए आपको "सेव एण्ड प्रोसीड" बटन पर क्लिक करना होगा। सभी टैब पूरा करना आवश्यक है। सभी टैब पूरा करने के बाद अभ्यर्थी अंतिम रुप से अपना आवेदन जमा कर सकता है। **कृपया ध्यान रखें कि आप इसके बाद इसमें कोई बदलाव नहीं कर सकते हैं।**
14. सफलतापूर्वक फार्म भरे जाने पर अभ्यर्थी को पीडीएफ डाउनलोड करने के लिए एक लिंक मिलेगा जिसे प्रिंट कर उस पर हस्ताक्षर करने तथा अपने नियोक्ता, यदि कोई हो, से अग्रसारित करवाने के बाद निर्धारित शुल्क के साथ अभ्यर्थी को इस तरीके से इसे बीएचयू भेजना होगा कि यह कट ऑफ डेट अंतिम/तिथि तक बीएचयू पहुँच सके।
15. पात्रता मात्र से ही कोई अभ्यर्थी साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने का हकदार नहीं होगा। साक्षात्कार हेतु बुलाये जाने के लिए अभ्यर्थियों को शार्ट लिस्ट करने के लिए लिखित परीक्षा के आयोजन समेत और अधिक कठोर मानदण्ड प्रयुक्त किए जा सकते हैं। उच्चतर योग्यता व मेरिट धारक या लिखित परीक्षा में उच्चतर अंक पाने वाले अभ्यर्थियों को वरीयता दी जाएगी।
16. चयन समिति द्वारा अपनायी जाने वाली प्रक्रिया के निर्धारक अध्यादेश बीएचयू की वेबसाइट पर रिक्रूटमेंट एण्ड असेसमेंट सेल पोर्टल पर देखे जा सकते हैं।
17. अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए पूर्ववृत्त या दस्तावेजों का नियुक्ति के समय या सेवाकाल के दौरान विश्वविद्यालय द्वारा सत्यापन किया जाएगा। यह पता चलने पर कि अभ्यर्थी द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेज फर्जी हैं या अभ्यर्थी का पूर्ववृत/पृष्ठभूमि गैरकानूनी रही है तथा उसने उक्त सूचना छिपायी है तो उसका/उसकी सेवा समाप्त कर दी जाएगी।

18. *बिना कोई कारण बताये किसी भी समय किसी भी* ***विज्ञापित पद/ पदों को वापस लेने का विश्वविद्यालय का अधिकार सुरक्षित है।*** साक्षात्कार के समय उत्पन्न होने वाली किसी परिणामी रिक्ति को भी उपलब्ध अभ्यर्थियों से भरा जा सकता है। इस तरह रिक्तियों की संख्या में परिवर्तन हो सकता है। असाधारण मेरिट वाले अभ्यर्थी के मामले में विश्वविद्यालय अपने विवेकानुसार किसी भी चरण में योग्यता/अनुभव तथा आयुसीमा में छूट दे सकता है। विश्वविद्यालय अपने विवेकानुसार सामान्य/अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति से संबंधित किसी भी भविष्य की रिक्ति को रोस्टर के आधार पर उपलब्ध अभ्यर्थियों में से भर सकता है।
19. किसी आरक्षित श्रेणी के वे अभ्यर्थी जो आरक्षित श्रेणी के पद के अलावा किसी अनारक्षित श्रेणी के पद हेतु भी आवेदन करना चाहते हैं तो उन्हें अनारक्षित श्रेणी के पद एवं आरक्षित श्रेणी के पदों हेतु अलग-अलग आवेदन करना होगा।
20. **<u>आयु सीमा</u> : (समूह 'ख' तथा 'ग' (पूर्ववर्ती समूह 'घ' सहित) पदों हेतु) : (1) सामान्य श्रेणी के अभ्यर्थियों के लिए 18-30 वर्ष; अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के अभ्यर्थियों के लिए 18-35 वर्ष तथा अन्य पिछड़ी जाति के अभ्यर्थियों के लिए 18-33 वर्ष (2) विधवा/तलाकशुदा तथा न्यायिक रीति से अपने पति से अलग हुई तथा पुन: विवाह न करनेवाली महिलाओं के लिए 18-35 वर्ष (अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए 40 वर्ष) ; (3) बीएचयू के स्थायी कर्मचारियों के लिए आयुसीमा का कोई बंधन नहीं है; (4) व्यावसायिक/तकनीकी/शोध तथा पुस्तकालय के क्षेत्र में जहां योग्यता स्नातकोत्तर/स्नातक एवं अनुभव अपेक्षित है वहां 18-40 वर्ष; (5) परियोजना/योजना में किसी भी पद पर किए गए कार्य की अवधि अथवा दी गई सेवा की खण्डावधि जैसा कि ऊपर दर्शाया गया है, समेत बीएचयू में संविदा/ दैनिक मजदूरी के आधार पर दी गई सेवा को भी नियमित पदों पर नियुक्ति के लिए आयु में छूट के उद्देश्य से परिकलित किया जाएगा बशर्ते कि ऐसी सेवा की एकबारगी अवधि छः माह से अधिक हो। अन्य के लिए आयु सीमा में छूट भारत सरकार के नियमानुसार लागू होगी।**
21. चयन प्रक्रिया में अनजाने में हुई किसी त्रुटि के कारण, जिसका किसी भी चरण में पता चलता है, यहां तक कि नियुक्ति पत्र जारी होने के बाद भी, तो अभ्यर्थी के साथ किए गए किसी भी पत्राचार को संशोधित करने/वापस लेने/निरस्त करने का विश्वविद्यालय का अधिकार सुरक्षित है।
22. चयन प्रक्रिया में कोई विवाद/अस्पष्टता होने की स्थिति में विश्वविद्यालय का निर्णय अंतिम होगा।
23. रोजगारशुदा अभ्यर्थियों को अपना आवेदन उचित माध्यम से भेजना चाहिए अथवा साक्षात्कार/लिखित परीक्षा से पूर्व नियोक्ता द्वारा जारी "अनापत्ति प्रमाणपत्र" प्रस्तुत करना चाहिए, जिसके न होने पर आगे विचार नहीं किया जाएगा।
24. अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि आवेदन करने से पूर्व वे आश्वत हो लें कि उनके पास विज्ञापन में निर्धारित न्यूनतम अर्हता है।
25. किसी भी रुप में पक्ष-प्रचार निरर्हता होगी।
26. अंतरिम पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे।
27. समस्त विकलांगजनों से अनुरोध है कि वे विकलांगजनों (शारीरिक, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित) के लिए आरक्षित सभी पदों हेतु आवेदन करें क्योंकि विकलांगजन की निर्दिष्ट श्रेणी का अभ्यर्थी उपलब्ध न होने पर पद, उनके लिए आरक्षित पदों की संख्या के हिसाब से विकलांगजन की अन्य श्रेणी के उपलब्ध अभ्यर्थी से भरा जा सकता है।

28. विकलांगजनों (शारीरिक, दृष्टिबाधित, श्रवणबाधित) के लिए आरक्षित पदों हेतु जिनके लिए विशेष पद आरक्षित हैं, उन पर विकलांगजनों की अन्य श्रेणी के अभ्यर्थी भी आवेदन कर सकते हैं। विज्ञापित पद के किसी श्रेणी के अभ्यर्थी की अनुपलब्धता/अनुपयुक्तता की स्थिति में पद अन्य श्रेणी के उपलब्ध अभ्यर्थी से भरा जा सकता है।
29. विकलांगजनों के लिए छूट एवं रियायतें भारत सरकार के आरक्षण नीति के अनुरूप तथा तत्पश्चात् समय-समय पर जारी स्पष्टीकरण/निर्देशों के अनुसार लागू होगी।
30. अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति/अन्य पिछड़ी जाति के लिए छूट एवं रियायतें भारत सरकार के आरक्षण नीति के अनुरूप तथा तत्पश्चात् समय-समय पर जारी स्पष्टीकरण/निर्देशों के अनुसार लागू होगी।
31. **समूह-ख एवं ग (पूर्ववर्ती समूह-घ सहित) के अराजपत्रित पदों का चयन लिखित परीक्षा के आधार पर किया जाएगा। इसके अतिरिक्त, भारत सरकार के कार्यालय ज्ञापन संख्या-39020/01/2013-स्थापना (बी)-पार्ट दिनांक 29 दिसंबर, 2015 तथा तत्पश्चात् समय-समय पर जारी स्पष्टीकरण/निर्देशों के अनुसार जहां कहीं लागू हो, अभिवृत्ति/कौशल परीक्षा भी आयोजित की जा सकती है। सूचीबद्ध किए गए अभ्यर्थियों को मेरिट तथा उपलब्ध रिक्तियों की संख्या के अनुसार मूल दस्तावेजों के सत्यापन हेतु बुलाया जाएगा।**
32. विश्वविद्यालय में कुलसचिव एवं परीक्षा नियंता पद पर पहले से ही कार्यरत व्यक्तियों के लिए 55 प्रतिशत की न्यूनतम अर्ह रखना जरूरी नहीं है।
33. आवेदन ऑनलाइन प्रणाली के माध्यम से आमंत्रित किए जाएंगे। आवेदकों से अपेक्षित है कि वे ऑनलाइन आवेदन प्रस्तुत करने के बाद अपना डाउनलोड किया हुआ आवेदन पत्र (हार्ड कॉपी) समस्त अनुलग्नकों के साथ कुलसचिव कार्यालय, चयन एवं आंकलन प्रकोष्ठ, होलकर भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी - 221005 में डाउनलोड किए गए आवेदन पत्र अनुलग्नकों के साथ जमा करने की अंतिम तिथि **24-11-2016** तक जमा कर दें।
34. अभ्यर्थी की योग्यता का निर्धारण ऑनलाइन आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि **24-11-2016** के आधार पर की जाएगी।
35. आवेदन प्रपत्र, योग्यता विवरण एवं इस संबंध में अन्य अनुदेशों से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए कृपया हमारी बेवसाइट : **http://www.bhu.ac.in** देखें।

**डाउनलोड किया हुआ आवेदन पत्र अनुलग्नकों के साथ कुलसचिव कार्यालय, चयन एवं आंकलन प्रकोष्ठ, होलकर भवन, काशी हिन्दू विश्वविद्यालय, वाराणसी - 221005 में जमा करने की अंतिम तिथि 24-11-2016 है।**

दिनांक- 14.10.2016 **कुलसचिव**